पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने तेल एवं गैस संरक्षण पखवाड़ा-2016 का उद्घाटन किया

लखनऊः 15 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'तेल एवं गैस संरक्षण पखवाड़ा-2016' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित लोगों को तेल एवं प्राकृतिक गैस की बचत के लिए शपथ भी दिलाई।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के विकास में तेल एवं गैस की बहुत उपयोगिता है। तेल बचाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी बचाने की आवश्यकता है। इस बात पर विशेष ध्यान होना चाहिए कि हम विदेशों से आयात कम करके अपने संसाधनों का कैसे उपयोग करें। आयात बढ़ने से विदेशी मुद्रा भण्डार पर प्रतिकूल असर पड़ता है और व्यापार संतुलन भी बिगड़ जाता है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और रसोई गैस का प्रयोग सावधानी से किया जाय तो देश हित में बचत की जा सकती है। उन्होंने पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा तेल एवं गैस के संरक्षण हेतु चलाये जा रहे अभियान की सराहना भी की।

श्री नाईक ने बताया कि जब वे पेट्रोलियम मंत्री थे तो आयात कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये थे जिसमें ईथेनाॅल को पेट्रोल में 5 प्रतिशत के अनुपात में मिश्रित करने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय के पश्चात् बीएस-3 पेट्रोल में 10 प्रतिशत एवं बीएस-4 पेट्रोल में 5 प्रतिशत तक ईथेनाॅल मिश्रित कर विक्रय किया जाता है। वर्तमान में बीएस-3 की भांति बीएस-4 में ईथेनाॅल की मात्रा 10 प्रतिशत कर दी गयी है जिसका विक्रय उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और गोवा में किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है जहां गन्ने का उत्पादन भी बड़े पैमाने पर होता है। उन्होंने यह भी बताया कि पेट्रोल में ईथेनाॅल मिलाने से गन्ना किसानों एवं चीनी मिलों को फायदा मिलेगा।

राज्यपाल ने सब्सिडी छोड़ने के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि धनवान लोग सब्सिडी छोड़ेंगे तो गरीबों को उसका लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जब वे पेट्रोलियम मंत्री थे तो रसोई गैस कनेक्शन हेतु एक करोड़ से अधिक की वेटिंग थी। वेटिंग खत्म करने के साथ-साथ देश में चार करोड़ नये कनेक्शन दिये गये। धुंआ रहित रसोई के लिए रसोई गैस के उपयोग को बढ़ावा मिलना चाहिए। लकड़ी एवं कोयले के उपयोग से स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

कार्यक्रम के उपरान्त राज्यपाल ने स्कूली बच्चों की रैली एवं प्रचार वाहनों को झण्डा दिखाकर रवाना किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (20)

हो स्वच्छ, जन गण रहें स्वस्थ
एवम् गैस संरक्षण पखवाड़ा – 2016
(16th-31st जनवरी)
का शुभारम्भ

ईंधन हो स्वच्छ, जन गण रहें स्वस्थ
तेल एवम् गैस संरक्षण पखवाड़ा – 2016
(16th-31st जनवरी)
का शुभारम्भ
मुख्य अतिथि
श्री राम नाईक
माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ

इधन हो स्वच्छ, जन गण रहें स्वस्थ
तेल एवम् गैस संरक्षण पखवाड़ा – 2016
(16th-31st जनवरी)
का शुभारम्भ
मुख्य अतिथि
श्री राम नाईक
माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ
PCRA
HP

जनवरी)
शुभारम्भ
HP